रेल किराया घटाने का प्रस्ताव

8014. श्री शंकर दयाल सिंह : क्या रेल मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत वर्ष रेल किराये में भारी वृद्धि के कारण वातानुकूलित श्रेणी और प्रथम श्रेणी के डिब्बों में यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या कम हो गई है ;

(ख) यदि हां, तो रेल किराये में वृद्धि से पहले और उसके बाद तीन महीनों में दिल्ली से बम्बई, मद्रास, कलकत्ता, हैदराबाद अहमदाबाद तथा जम्मू के लिये कितनी टिकटें बिकीं और कितने यात्रियों ने उपरोक्त महीनों में उल्लिखित स्थानों की रेलवे पास से यात्रा की ; और

(ग) क्या वातानुकूलित डिब्बों में यात्रियों की संख्या मे कमी को ध्यान में रखते हुये सरकार किराये मे कमी करने पर विचार कर रही है ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) 15-5-1974 से यात्री किराये में संशोधन किये गये थे और सितम्बर, 1974 से जनवरी, 1975 तक के पांच महीनों क दौरान अप्रैल से अगस्त, 1974 तक के पिछले पांच महीनों की तुलना में वातानुकूल दर्जे में यात्रा करने वाले यात्रियों की अनुमानित संख्या में कुछ कमी हुई थी। लेकिन पहले दर्जे के मामले में सितम्बर, 1974 से जनवरी, 1975 तक के पांच महीनों के दौरान यात्रा करने वाले यात्रियों की औसत संख्या मे पिछले पांच महीनों की तुलना में वृद्धि रही है। यद्यपि किराये मे वृद्धि अंशदायी तत्व हो सकता है तथापि यह नहीं कहा जा सकता कि वातानुकूल दर्जे में यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में कमी होने का एकमात्र यही कारण था।

(ख) किराये में संशोधन से पूर्व और पश्चात् के तीन महीनों में वातानुकूल दर्जे और पहले दर्जे में यात्रा के लिए बेचे गये टिकटों की संख्या तथा उन व्यक्तियों की संख्या, जिन्होंने रेलवे पास पर दिल्ली से बम्बई, मद्रास, हावड़ा, हैदराबाद, अहमदाबाद और जम्मू की यात्रा की, निम्नलिखित थी :—

दिल्ली से निम्नलिखित स्टेशनों को	15-6-74 से 14-9-74 तक बेचे गये टिकट		पासधारी		15-9-74 से 14-12-74 तक बेचे गये टिकट		पासधारी	
	वातानुकूल	पहला दर्जा	वातानुकूल	पहला दर्जा	वातानुकूल	पहला दर्जा	वातानुकूल	पहला दर्जा
1. बम्बई	376	7395	186	2123	223	6567	177	2285
2. मद्रास	43	1425	16	1852	35	1474	13	977
3. हावड़ा	347	3435	90	811	217	3559	87	1032
4. हैदराबाद	—	897	—	—	1	1017	—	—
5. अहमदाबाद	25	1078	15	411	14	1517	12	519
6. जम्मू तवी	153	3151	—	970	19	2935	—	1135

(ग) अभी नहीं ।